दिनांक : 23/04/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- तमिलनाडु की सभी 234 और पश्चिम बंगाल की 152 सीटों पर पहले चरण का मतदान आज जारी है।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव आज सागर में 75 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।
- हाईकोर्ट ने प्रदेश में बंद आरटीओ चेक पोस्ट 30 दिन में शुरू करने के निर्देश दिए।
- केंद्र सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग नियम-2026 अधिसूचित किए, एक मई से लागू होंगे।
- बद्रीनाथ धाम के कपाट आज सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

पश्चिम बंगाल- मतदान

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज शुरू हो चूका है । मतदान सुबह सात बजे से शुरू है , जो शाम छह बजे तक चलेगा। इस चरण में दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुडी, अलीपुरदुआर सहीत कुल 16 जिलों में मतदान होगा। कुल एक हजार चार सौ 78 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। 152 निर्वाचन क्षेत्रों में 44 हजार से अधिक मतदान केन्द्र स्थापित किए गये हैं। इनमें से सात हजार तीन सौ 84 मतदान केन्द्रों को अत्यधिक संवेदनशील माना जा रहा है। इस चरण में तीन करोड़ 60 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। तो वहीँ तमिलनाडु में भी आज नई विधानसभा के चुनाव के लिए मतदान जारी है । आज एक ही चरण में सभी 234 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। 5 करोड 73 लाख से अधिक मतदाता मैदान में उतरे 4 हजार 23 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

मुख्यमंत्री-सागर दौरा

सागर जिले की नरयावली विधानसभा को आज विकास की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यहां करीब 63 करोड़ रुपये से ज्यादा के 75 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।इनमें 41 करोड़ से अधिक लागत के कार्यों का लोकार्पण और करीब 22 करोड़ रुपये के नए कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।इस दौरान मुख्यमंत्री सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण भी करेंगे और बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाएंगे।

मत्रिपरिषद बैठक- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल भोपाल में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया गया। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि के अधिग्रहण पर मुआवजा बढ़ाते हुए अब बाजार दर का चार गुना देने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस फैसले से किसानों को सीधा फायदा मिलेगा और विकास कार्यों के लिए जमीन देने वाले परिवार आर्थिक रूप से मजबूत होंगे।

कैबिनेट में सिंचाई, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े विकास कार्यों के लिए करीब 33 हजार 985 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दी गई।सरकार का कहना है कि इस फैसले से एक तरफ विकास को गति मिलेगी, तो वहीं किसानों की आय और सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

हाईकोर्ट-आरटीओ चेक पोस्ट

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को बड़ा निर्देश देते हुए कहा है कि प्रदेश में बंद पड़ी सभी आरटीओ चेक पोस्ट 30 दिनों के भीतर फिर से शुरू की जाएं। जबलपुर हाईकोर्ट की एकलपीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया और कहा कि सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों की निगरानी के लिए चेक पोस्ट जरूरी हैं। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि दूसरे राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों की सख्ती से जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि नियमों का पालन हो सके।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना-इंदौर

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 के बेहतर क्रियान्वयन में इंदौर ने पहला स्थान हासिल किया है। नगर निगम के अनुसार, शहर में अब तक 33 हजार से ज्यादा स्ट्रीट वेंडर्स को बिना गारंटी के ऋण दिया गया है, जिससे उनकी आजीविका को मजबूती मिली है। इस उपलब्धि में इंदौर ने बेंगलुरु और ग्रेटर मुंबई जैसे बड़े शहरों को पीछे छोड़ दिया है। इस योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को आसान शर्तों पर लोन दिया जाता है, ताकि वे अपना काम बढ़ा सकें।

गेमिंग नियम-2026

केंद्र सरकार ने कल ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार और विनियमन संबंधी नियम -2026 को अधिसूचित कर दिया है, जो पहली मई से लागू होंगे। इन नियमों का उद्देश्य ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करना, नागरिकों की सुरक्षा करना, वित्तीय प्रणाली को सुरक्षित रखना, समन्वित प्रवर्तन को सक्षम बनाना और उपयोगकर्ता के अधिकारों को बनाए रखना है। हमारे संवाददाता से और अधिक जानकारीः

*इन नियमों का उद्देश्य एक स्पष्ट, पारदर्शी और समयदृबद्ध तंत्र प्रदान करना है, जिससे यह निर्धारित किया जा सके कि कोई ऑनलाइन गेम, मनी गेम है या ऑनलाइन सोशल गेम या ईदृस्पोर्ट है। ये नियम ऑनलाइन गेम सेवा प्रदाताओं के लिए अनिवार्य उपयोगकर्ता सुरक्षा सुविधाएं, शिकायत निवारण और पारदर्शिता से सम्बंधित दायित्व भी निर्धारित करेंगे। ये नियम जाँच की प्रक्रिया और सिविल दण्ड लगाने की प्रक्रिया को भी निर्धारित करेंगे। ये जवाबदेही, निष्पक्षता और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए एक अपीलीय तंत्र भी प्रदान करेगा। इन नियमों के तहत, एक ऑन लाइन गेम प्राधिकरण स्थापित किया जाएगा, जो इस क्षेत्र के लिए एक एकीकृत, डिजिटलदृप्रथम नियामक होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव एस० कृष्णन ने कहा कि यह ढांचा एक वैकल्पिक निर्धारण प्रक्रिया प्रस्तुत करता है, जिसके माध्यम से खेलों को या तो ऑनलाइन मनी गेम या सोशल गेम के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। यह नियम ऑनलाइन मनी गेम्स के बढ़ते खतरे से नागरिकों की सुरक्षा करेंगे, जबकि ईदृस्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम के लिए एक सक्षम ढांचा तैयार करेंगे। सकलेन अखतर अकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

राज्यपाल-प्रशिक्षु अधिकारी मुलाकात

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से कल भोपाल में भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ देश का प्रतिनिधित्व करने और सेवा भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

बद्रीनाथ धाम

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट आज सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं। केदारनाथ धाम के कपाट कल श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे, जबकि गंगोत्री और यमुनोत्री धामों की तीर्थयात्रा सुचारू रूप से चल रही है।

सिंहस्थ तैयारियां

उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ 2028 की तैयारियों अब जोरों पर हैं। इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कल "ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स" कार्यक्रम का शुभारंभ किया और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया। सिंहस्थ के दौरान भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक कंट्रोल और सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फेस रिकग्निशन और ड्रोन के जरिए निगरानी की जाएगी। पूरे मेले क्षेत्र पर सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी और रीयल टाइम ट्रैफिक मॉनिटरिंग भी की जाएगी। इसके साथ ही 'सिंहस्थ साइबर वारियर्स पोर्टल' भी शुरू किया गया है, जिससे अफवाहों पर नजर रखी जा सकेगी।

आईपीएल-क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में राजस्थान रॉयल्स ने कल रात लखनऊ सुपर जाएंट्स को 40 रन से हरा दिया। 160 रन के लक्ष्य के जवाब में लखनऊ सुपर जाएंट्स लखनऊ में 18 ओवर में सिर्फ 119 रन ही बना सका। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुम्बई इंडियंस का सामना आज चेन्नई सुपर किंग्स से मुम्बई में शाम साढ़े सात बजे से होगा।

समाचार संक्षेप में :-

- धार जिले की गुजरी में तेंदुए के हमले से घायल ग्रामीणों से कल केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने जिला चिकित्सालय में मुलाकात की।
- खंडवा जिले ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- शिवपुरी जिले में आज शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- मंदसौर में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कल जल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- मंडला जिले के विकासखंड निवास में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह-निकाह योजना के अंतर्गत 200 जोड़ों ने दांपत्य जीवन की शुरुआत की।
- आगरमालवा में युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज युवा संगम मेले का आयोजन किया जाएगा।

- डिंडौरी कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान कक्षा 1 से 8वीं तक शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।
- झाबुआ कलेक्टर ने थांदला में गेहूं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया और खरीदी प्रक्रिया और किसानों की सुविधाओं का जायाजा लिया।

-------------